08/03/2026 आकाशवाणी, भोपाल 7.10पीएम

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहाकृभारत 'महिला नेतृत्व वाले विकास' के मंत्र के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी दिल्ली में 33 हजार 500 करोड़ की परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में शस्त्र पूजन कर मनाई रंगपंचमी।
- अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी–20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला जारी।

राष्ट्रपति – महिला नेतृत्व

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत 'महिला–नेतृत्व वाले विकास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। नई दिल्ली में आयोजित 'नारी तू नारायणी – महिला विचारकों का राष्ट्रीय सम्मेलन' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने नारी शक्ति के हर पहलू को अनुकरणीय बनाने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं देश के हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं, चाहे वह कृषि हो या अंतरिक्ष, स्वरोजगार हो या सशस्त्र बल। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार महिलाओं को शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर कड़ा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान कर संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं की अवहेलना की है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ने भी कल दार्जिलिंग में कार्यक्रम के स्थल परिवर्तन और प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर नाराजगी व्यक्त की थी।

प्रधानमंत्री – दिल्ली परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाओं से बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा,

कनेक्टिविटी में सुधार होगा और लोगों का जीवन सुगम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए मेट्रो खंड से राजधानी के लाखों निवासियों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री – सबका साथ वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर आयोजित बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस विषय के अंतर्गत शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य तथा आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सत्कार आदि विभिन्न क्षेत्रों में कई सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस वेबिनार में शिक्षा से रोजगार के मार्ग को सुदृढ़ करना, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स का विकास, उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में बौद्ध पर्यटन सर्किट और विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने जैसी पहलों पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

रंगपंचमी प्रदेश

प्रदेश में आज रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य के काल की 'विजयी ध्वज' परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए रंगपंचमी का उत्सव मनाया। मुख्यमंत्री ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान वीरभद्र के ध्वज और शस्त्रों का विधि–विधान से पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उज्जैन की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रत्येक पारंपरिक 'गेर' को सवा–सवा लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने टॉवर चौक पर आमजन के साथ फूलों की होली खेली और 'ये देश है वीर जवानों का' गीत गाकर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारा और देशभक्ति के रंगों को और गहरा करेगा; इंदौर के राजवाड़ा पर ऐतिहासिक गेर का आयोजन किया गया। राजधानी भोपाल में भी इंदौर की तर्ज पर चल समारोह निकाला जा रहा है।

मुख्यमंत्री–अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रंगपंचमी के अवसर पर अशोकनगर जिले के सुप्रसिद्ध करीला माता धाम में आयोजित भव्य मेले में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने माँ जानकी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की और क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपये के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्व–सहायता समूह की बहनों द्वारा लगाई गई वनोपज और कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

## मौसम

प्रदेश में इस वर्ष मार्च के प्रथम पखवाड़े में ही गर्मी का प्रभाव देखा जा रहा है। राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 39 डिग्री के निकट पहुँच गया है।मौसम विभाग के अनुसार, मालवा–निमाड़ अंचल के जिलों में 'लू' जैसी तपन महसूस की जा रही है। शनिवार को 38.6 डिग्री सेल्सियस के साथ रतलाम प्रदेश का सर्वाधिक गर्म शहर रहा। धार, नर्मदापुरम और उज्जैन में भी पारा सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिनों में तापमान में 4 डिग्री की और बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस–प्रदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज समूचे मध्यप्रदेश में 'सशक्त महिला–सशक्त मध्यप्रदेश' के ध्येय के साथ नारी शक्ति का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस का संचालन पूर्णतः महिला रेल कर्मियों के हाथों में सौंपा। पन्ना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं, रतलाम में महिला रेल कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य और कार्यस्थल सुरक्षा पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई। शिवपुरी में 'फिट इंडिया वूमेन वीक' रैली के माध्यम से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

## टी20 क्रिकेट

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम से इस वक्त टी20 वर्ल्ड कप के महामुकाबले में भारत और न्यूज़ीलैंड की टीमें आमने–सामने हैं। न्यूज़ीलैंड ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने अभी तक 3 ओवर में 27 रन बना लिए हैं।

## समाचार संक्षेप में .....

- अनूपपुर जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान में अब तक 126 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है।
- खण्डवा जिले में नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।
- सीहोर स्थित प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद कॉलेज के लिए उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने 15 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।
- आगरमालवा जिले के शिक्षकों के लंबित प्रकरणों एवं विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए परिवेदना निवारण शिविर कल से 18 मार्च तक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगरमालवा में आयोजित होगा।